हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, शुक्रवार 21 जून 2024
[ सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड ]


# KALINGA UNIVERSITY
RAIPUR | INDIA

NAAC Accredited
NIRF 2023: Ranked in Top 101-150 Universities | 50+ Acre Campus | World Class Infrastructure | 8000+ Students from 25+ Countries | Top Placements & Internships



## D.PHARMACY
## B.PHARMACY
## PHARM.D
## B.PHARMACY PRACTICE
## M.PHARMACY
(Pharmacology / Pharmaceutics / Pharmaceutical Chemistry)

**Approved by the Pharmacy Council of India**

## OTHER PROGRAMS

**ENGINEERING**
Diploma | B.Tech | M.Tech

**LAW**
BA LLB | BBA LLB | LLB | LLM

**LIBRARY SCIENCE**
B.Lib. | M.Lib.

**ARTS & HUMANITIES**
BA | BA (J&MC) | BSW
MA | MA (J&MC) | MSW

**EDUCATION**
B.P.Ed. | MA.(P.Ed.)
B.Ed. | MA.Ed.

**INFORMATION TECHNOLOGY**
DCA | PGDCA | BCA | MCA

**DESIGN**
Bachelor of Fashion Design
Bachelor of Interior Design
Master of Fashion Design
Master of Interior Design

**SCIENCE**
B.Sc. - ZBC / PCM | B.Sc. / M.Sc. - (Biotechnology / Bioinformatics / Biochemistry / Microbiology )
M.Sc. - (Physics / Chemistry / Mathematics / Zoology /Botany)

**MANAGEMENT**
BBA | MBA

**RESEARCH**
Ph.D.

**COMMERCE**
B.Com. | B.Com Hons. with CA / CS / ICWA Coaching
B.Com. Hons. (Taxation & GST)
B.Com. Hons. (Banking & Finance)
M.Com. | M.Com. (Banking & Finance)

**YOGA**
Diploma I B.Sc.
PG Diploma I M.Sc.

## NEW AGE PROGRAMS

B.TECH CS in **AI & ML**
In collaboration with IBM Innovation Centre for Education

B.DESIGN & M.DESIGN in **User Experience (UX)**

BA & MA in **Film Making**
In collaboration with NIIRA EDUCOM

Master of **Data Science**

Bachelor / Master of CS in **AI & ML and Cyber Security**

Bachelor / Master in **Animation &VFX**

B.Sc. & M.Sc. in **Forensic Science**

## ADMISSIONS OPEN 2024-25!

### Career Opportunities:
- Clinical Pharmacist
- Pharmaceutical Research Scientist
- Regulatory Affairs Officer
- Pharmaceutical Sales Representative
- Hospital Pharmacist
- Community Pharmacist
- Pharmaceutical Consultant
- Drug Safety Specialist
- Quality Control/Quality Assurance Officer

### Why Choose Kalinga University?
- Well Designed CIF & Labs
- Experienced Faculty
- State-of-the-Art Facilities
- Industry-Relevant Curriculum
- Creative Environment
- 100% Career Opportunities
- Startup Opportunities

**Hostel & Transport facilities available on first come, first serve basis.**

## OUR TOP RECRUITERS
Cipla | Mankind Serving Life | Glenmark A new way for a new world | Dr.Reddy's | Apollo Pharmacy | Biocon

And Many More....

## +91-9907252100
www.kalingauniversity.ac.in admissions@kalingauniversity.ac.in

**Campus:** Kalinga University, Kotni, Near Mantralaya, Naya Raipur – 492101, Chhattisgarh
**City Office:** 1st Floor, SLT Water Front, Opp. Telibandha Talab, Raipur - 492001
**Bhilai Office:** 111, Khichariya Complex, Opp. Domino's Pizza, Near Hotel Grand Dhillon, Bhilai

Scan the QR code to register for our entrance examinations
## KALSEE/KAL-MAT

## खबर संक्षेप

### बोर गाड़ी से कुचले जाने पर बाइक चालक की मौत

**रायपुर।** विधानसभा थाना क्षेत्र में बोर गाड़ी से कुचले जाने पर बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने अपराध दर्ज कर बोर गाड़ी को जब्त कर ड्राइवर के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस के मुताबिक बोर गाड़ी से कुचले जाने से चित्र कुमार की मौत हुई है। चित्र कुमार अपने साला तथा साढ़ू के साथ एक मृतक कार्यक्रम में शामिल होने धनेली जा रहे थे। टेकारी मोड़ के पास टीएन 34 टी 2238 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए बाइक को ठोकर मार दी। बोर गाड़ी की ठोकर लगने से चित्र कुमार बाइक से गिर गया और उसकी बोर गाड़ी के पहिया से कुचलकर मौत हो गई।

### मामूली विवाद पर चाकू से जानलेवा हमला

**रायपुर।** टिकरापारा थाना में पेशे से एक ड्राइवर ने अपने साथी के खिलाफ मामूली कहासुनी में चाकू से जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक बोरियाखुर्द निवासी सौमिल केशरवानी ने मूलतः धमतरी निवासी दिपांशू के खिलाफ चाकू से जानलेवा हमला करने की शिकायत दर्ज कराई है। दिपांशू ने पुलिस को बताया है कि किसी बात को लेकर दिपांशू के साथ बहस होने पर दिपांशू ने उससे समझौता करने के बाद पान ठेला में सिगरेट पीने के बहाने बुलाकर चाकू से गर्दन, पेट तथा सीना पर प्राणगातक हमला कर घायल कर दिया।

## निधन

### पुसउ राम साहू



**महासमुंद।** ग्राम अछोली निवासी पुसउराम साहू का स्वर्गवास 17 जून सोमवार को हो गया है। वे हेमलता साहू के पति, इशु साहू के पिता एवं किसान नेता अशवंत तुषार साहू के चाचा थे।

**समस्या:** क्षेत्रीय प्रबंधक से शिकायत के बाद भी नहीं हुआ समस्या का समाधान

# गोदाम के चावल में लगे कीड़े, आसपास के सैकड़ों परिवारों के लिए बनी मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

छोटे से कीड़ों ने पौसरा में सैकड़ों परिवारों को परेशान कर रखा है। सरकारी गोदाम में भरे चावल में ये कीड़ा लग चुका है और अब वहां से आसपास बने इलाकों में पहुंच रहा है। दरअसल एसडब्लूसी गोदाम में भंडारित चावल में सुरेरी कीड़ा हो गया है। विभागीय लापरवाही से ये इतनी अधिक हो गई हैं, कि आस-पास के घरों में उड़कर पहुंच रही है, जिससे लोगों का रहना मुश्किल हो गया है। पीड़ित क्षेत्रीय लोग प्रबंधक को दो बार मौखिक शिकायत करने के बाद अब बसना विधायक डॉ संपत अग्रवाल के पास पहुंच कर और उन्हें ज्ञापन सौंपने की बात कही हैं।

पौसरा के आस-पास की घरों में एसडब्लूसी गोदाम से पिछले 2 माह से अधिक समय से सुरेरी उड़कर पहुंच रही है।



ग्राम पंचायत पौसरा का उपसरपंच कुलदीप प्रधान आलेख दास, सदानंद साहू, अभय अग्रवाल, अर्चित प्रधान सहित आस-पास के क्षेत्र में एसडब्लूसी गोदाम के चावल में सुरेरी पहुंच रही है। ये चावल राशन की दुकानों से गरीबों को वितरित होता है, ऐसे में ये गरीबों के राशन से भी खिलवाड़ है। साथ ही क्षेत्रीय लोगों का जीवन बदहाल हो गया है। कपड़ों से लेकर बिस्तर, खाने के सामान में सुरेरी पहुंच रही हैं। पंच प्रतिनिधि आलेख दास ने बताया कि बच्चों के नाक, कान में सुरेरी घुस रही हैं, जिससे कोई गंभीर घटना हो सकती है। विभागीय जिम्मेदारों को ये समस्या इतनी गंभीर होने तक नजर क्यों नहीं आई, इस पर भी कार्रवाई होनी चाहिए। वहीं गोदाम मैनेजर एम धोखे से संपर्क करने पर मैं आ रहा हूं बोलकर घंटे बाद तक नहीं पहुंचे। ये कीड़ा उड़कर आस-पास के क्षेत्र में पहुंच रही हैं, जिससे लोगों को मुश्किल हो रही है। वहीं इस पूरे मामले में बसना अनुविभागीय अधिकारी रविराज ठाकुर मेसेज के माध्यम से कहा कि मैं अभी मीटिंग में हूं। साथ ही बसना तहसीलदार कृष्णा साहू विभागीय सचिव से बात करने को कहा, और जब ग्रामीणों आक्रोश हैं कहने पर मैं संबंधित सचिव को फोन से संपर्क करता हूं कहा।

# स्कॉउट-गाइड संघ महासमुंद के लिए निर्वाचन अधिसूचना जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- चुनाव के लिए निर्वाचन अधिकारी की हुई नियुक्ति

भारत स्काउटस एवं गाइडस स्थानीय संघ विकासखंड महासमुन्द कार्यकारिणी परिषद की बैठक 19 जून 2024 को कौशलेंद्र वैष्णव अध्यक्ष, देवीचंद राठी, तारा चंद्राकर, सीता डोंडेकर, मनीष शर्मा उपाध्यक्षगण की उपस्थिति में हुई। जिसमें सत्र 2024-25 वार्षिक कैलेंडर का प्रस्ताव, गत वर्ष का आय व्यय प्रतिवेदन का अनुमोदन, ब्लॉक स्तरीय वृक्षारोपण करने, विकासखंड स्तरीय तृतीय सोपान जांच शिविर का आयोजन के साथ जिला द्वारा निर्देशित विभिन्न आयोजनों में ब्लॉक के स्कॉउट, गाइड, रोवर, रेंजर, स्कॉउटर गाइडर की सहभागिता पर चर्चा कर प्रस्ताव सर्वसम्मति पारित किया गया। वर्तमान स्थानीय संघ के पदाधिकारियों का सफलतम कार्यकाल पूर्ण होने पर विकासखंड की ओर से ताराचंद्र उपाध्यक्ष, शुभ्रा शर्मा उपाध्यक्ष, मनीष शर्मा उपाध्यक्ष को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

नवीन स्थानीय संघ गठन के लिए निर्वाचन के संपादन हेतु लता वैष्णव निर्वाचन अधिकारी, हीरेंद्र साहू एवं अर्चना तिवारी को सहायक निर्वाचन अधिकारी के रूप में सदन द्वारा नियुक्त किया गया। निर्वाचन की नियमावली एवं चरणबद्ध प्रक्रिया को विस्तार से राम कुमार साहू जिला सचिव द्वारा सदन में प्रदतुत किया गया।

बैठक में हीना ढालेन सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी, राम कुमार साहू जिला सचिव, कमल लूनिया डीओसी स्का, लीनू चंद्राकर डी ओसीगा, तुलेंद्र सागर जिला सहसचिव, प्रमोद कन्नौजे जिला मीडिया प्रभारी, चंद्रकांता ठाकुर जिला संयुक्त सचिव, मधु शर्मा पूर्व डीटीसीगा, लता वैष्णव, हीरेंद्र साहू, सुरेंद्र मानिकपुरी, प्रभा पंडा, अर्चना तिवारी, मनीषा नंदेश्वर, रूप पांडेय, नितिन श्रीवास्तव, मिथलेश जलक्षत्री, विकासखंड के अनेक विद्यालय से प्रभारी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# नगर में सुनो भाई साधो भजन संध्या कार्यक्रम कल

**महासमुंद।** कला परंपरा और कला बिरादरी महासमुंद के तत्वावधान में ज्येष्ठ पूर्णिमा शनिवार 22 जून 2024 को समाज सुधारक, भक्त, कवि और संत कबीर प्राकट्य दिवस पर सुनो भाई साधो भजन संध्या का आयोजन रखा गया है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संत कबीर की शिक्षाओं और उनके संदेशों का प्रसार करना है, जिससे समाज में समरसता और सद्भावना को प्रोत्साहित किया जा सके। इस विशेष आयोजन में विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य अतिथियों और सांस्कृतिक हस्तियों की उपस्थिति रहेगी। स्थानीय मिनी स्टेडियम मार्ग स्थित स्वाध्याय केंद्र के सभागार में अपरान्ह 3 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व गायक डॉक्टर चित्तरंजन कर पूर्व विभागाध्यक्ष भाषा एवं साहित्य पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर होंगे। कला परंपरा के प्रांताध्यक्ष डॉक्टर डीपी देशमुख भिलाई अध्यक्षता करेंगे। वहीं अरविंद मिश्रा संयोजक इन्टैक छत्तीसगढ़ अध्याय रायपुर मुख्य वक्ता होंगे, जो संत कबीर की भाषा पर व्यक्तव्य देंगे। हुकुम शर्मा वरिष्ठ गायक व संगीतकार महासमुंद एवं सिरजन संस्था के प्रांताध्यक्ष डॉ. दीनदयाल साहू भिलाई दुर्ग विशेष अतिथि होंगे। समाजसेवी दाऊलाल चंद्राकर के संरक्षण व अशोक शर्मा वरिष्ठ कवि व साहित्यकार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ कवि रूपेश तिवारी करेंगे। कला परंपरा के जिला अध्यक्ष बंधु राजेश्वर खरे व सचिव नरेश साहू ने निर्गुण भक्ति-संगीत व कला प्रेमियों को अधिक संख्या में आने की अपील की है।

# गौरटेक में 160 लोगों ने कराई सिकलसेल की जांच

## राष्ट्रीय सिकलसेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन, शादी के पहले सिकलिन जांच जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

राष्ट्रीय सिकल सेल एनीमिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर सिंघनपुर के आश्रित ग्राम गौरटेक में विश्व सिकलीन दिवस वर्ष 2024 का थीम प्रगति के माध्यम से आशा वैश्विक सिकल सेल देखभाल उपचार को आगे बढ़ाना है के थीम पर मनाया गया। कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ पी. कुदेशिया, खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. नारायण साहू, सेक्टर प्रभारी डॉक्टर राजेंद्र पटेल, खंड विस्तार प्रशिक्षण अधिकारी श्याम लाल सिदार, विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक डोलचंद नायक के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस शिविर में 160 लोगों का सिकल सेल जांच किया गया। जिसमें 5 सिकलिन पॉजिटिव मिला। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों के द्वारा बताया गया कि सिकलीन बीमारी एक अनुवांशिक रोग है। जिसमें लाल रक्त कोशिकाओं का आकार हंसिया के तरह हो जाता है, जिसे अंग्रेजी में सिकल कहा जाता है। जिसके कारण से शरीर के विभिन्न अंगों में रक्त प्रवाह में रुकावट पैदा होता है और मरीज को असहनीय दर्द होने लगता है। लाल रक्त कोशिका जल्दी-जल्दी नष्ट होने से शरीर में खून की कमी हो जाता है। सिकलीन पॉजीटिव मरीज को फॉलिक एसिड गोली खाने की सलाह दिया जाता है। चूंकि यह बीमारी एक पीढ़ी से दूसरे पीढ़ी में स्थानांतरित होता है जिसे रोकने के लिए शादी के पूर्व लड़का लड़की का सिकलीन जांच आवश्यक है। उन्होंने सिकलीन बीमारी के लक्षणों को बताते हुए मरीज को नियमित अपने खून की जांच कराने, फाइबर युक्त भोजन एवं मौसमी फल को अपने आहार में शामिल करने, तैलीय व मसालेदार खाद्य पदार्थों का उपयोग नहीं करने तथा नियमित योग के लिए आवश्यक सलाह दिए। कार्यक्रम में सरपंच सुकमुनि रावल, उपसरपंच सुशीला गहिर, पंच निरंजन कानूनगो, वरिष्ठ नागरिक दयानिधि नायक, सुपरवाइजर एसबी साहू, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक खेल बाई कुलदीप, उपेंद्र प्रधान, सीएचओ वर्षा रानी नंद, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संतोषनी कानूनगो, रेखा नायक, मितानिन पवित्र भोई, सुबलया कानूनगो, तारा धुवेल एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।



# अशोक वाटिका में ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय परिवार ने किया योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद






अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय का पूरा ईश्वरीय परिवार ने मिलकर योगाभ्यास किया। बीटीआई रोड स्थित अशोक वाटिका के प्रांगण में प्रातःकाल से बहुत उमंग और उत्साह के साथ श्वेत वस्त्र में बच्चे, युवा, और बुजुर्ग, कन्या, माता बहनों ने शरीर को स्वस्थ रखने की कला सिखी। पतंजलि योग ट्रेनर तिलक साव विशेष रूप से उपस्थित होकर योगासन के भिन्न-भिन्न टिप्स दिए, जैसे कपाल भारती, अनुलोम विलोम, भस्त्रिका प्राणायाम आदि। इसे एक ही दिन नहीं अपितु प्रति दिन करने की सलाह दी। अनेक फायदे और बड़ी बड़ी बीमारियों से मुक्त पाने की राह बताई। पश्चात ब्रम्हा कुमारी सुषमा बहन ने संस्थान में सिखाए जाने वाला सहज राजयोग का अभ्यास कराया। जिसमें सभी अपने मन बुद्धि से इस विनाशी देह को भूल दोनों नेत्रों के बीच विराजमान चैतन्य शक्ति ज्योति बिंदु स्वरूप अजर अमर अविनाशी आत्मा को एवं उनके सातों शक्तियों शांति, आनंद, प्रेम, ज्ञान, पवित्रता, ज्ञान और सुख को बार-बार याद करना और अपने निराकारी पिता ज्योति बिंदु स्वरूप जो सूर्य चांद तारागण से भी ऊपर उसे सच्चे मन से याद करने की ड्रिल सिखाया। बाद ब्रम्हा कुमारी प्रीति से टोली

# समर्थन मूल्य में वृद्धि से किसानों में उत्साह छत्तीसगढ़ में मिलेंगे 3217 रुपए : देवेंद्र



**महासमुंद।** भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक देवेंद्र चंद्राकर ने कहा कि केंद्र सरकार ने धान सहित विभिन्न फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ाकर पुनः किसान हित में निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने धान एवं दलहनों के समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी कर बता दिया कि भाजपा सरकार किसानों की हितैषी है। धान के समर्थन मूल्य मोटा में 117 रुपए बढ़ाकर 2300 रुपए तथा ग्रेड ए पर 2320 रुपए किसानों को दिए जाएंगे। समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी से साथ अब राज्य शासन द्वारा किसानों को बोनस के साथ 3217 रुपए प्रति क्विंटल धान का भुगतान किया जाएगा। चंद्राकर ने कहा कि मोदी सरकार ने पूरे देश के किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। छत्तीसगढ़ 27 लाख पंजीकृत किसानों को समर्थन मूल्य में वृद्धि का लाभ मिलेगा। प्रदेश सरकार द्वारा पहले ही 3100 रुपए में धान खरीदी कर किसानों से किया वादा निभाया गया है। अब केंद्र द्वारा 117 रुपए की वृद्धि से प्रदेश के 27 लाख किसानों को 3217 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से धान का भुगतान किया जाएगा। जिससे प्रदेश के किसानों के जीवन में खुशहाली आएगी। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा लगातार किसान हित में लिए जा रहे निर्णय से पूरे देश के किसान प्रधानमंत्री मोदी का धन्यवाद ज्ञापित कर रहे हैं। उन्होंने आगे कहा 2 दिन पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साढ़े नौ करोड़ किसानों के खाते में किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त जारी की थी। अब फिर से मोदी सरकार ने किसानों की प्रगति व आर्थिक उन्नति को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। धान के अलावा केंद्र सरकार ने 14 खरीफ फसलों के एमएसपी दरों में बढ़ोतरी कर दी है। जिसमें धान सहित रागी, बाजरा, ज्वार, मक्का और कपास व 14 खरीफ सीजन की फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) शामिल है।

# यूथ कांग्रेस ने किया 55 यूनिट रक्तदान


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस द्वारा शहर कांग्रेस कमेटी कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजित किया गया। राहुल गांधी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में यह शिविर रखा गया था। इस रक्तदान शिविर कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के 55 पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं द्वारा रक्तदान किया गया। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी इसमें शामिल हुए एवं कार्यकर्ता और पदाधिकारी का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा, राहुल गांधी जनता के लिए कार्य कर रहे हैं।

# नपाध्यक्ष राशि के नेतृत्व में एसपी से मिला सर्वसमाज प्रतिनिधि मंडल, आरंग जैसी साम्प्रदायिक घटना की न हो पुनरावृत्ति

**महासमुंद।** गत दिनों नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग के नेतृत्व में सर्व समाज के प्रतिनिधि मंडल ने एसपी आशुतोष सिंह से सौजन्य मुलाकात की। उन्होंने एसपी से मुलाकात के दौरान जिले की सीमा से लगे आरंग शहर में विगत दिनों गौ तस्करी के मामले में तीन युवकों के साथ गंभीर रूप से की गई मारपीट में दो युवक की मौत और तीसरे युवक की उपचार के दौरान हुई मौत के मामले में सांप्रदायिक तनाव व उन्माद की जानलेवा आग को महासमुंद शहर में फैलने से रोकने आवश्यक कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि महासमुंद शहर हमेशा से कौमी एकता का प्रतीक रहा है और हमेशा रहेगा। उन्होंने कहा कि समीपस्थ आरंग शहर में विगत दिनों मुस्लिम संप्रदाय के तीन युवकों को संप्रदाय व आपसी भाई-चारे को क्षति पहुंचाने वाले असामाजिक तत्वों ने जानलेवा हमला किया और उक्त हमले में दो मुस्लिम युवकों की मौत व एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसका उपचार जारी है। उपरोक्त घटना का सभी समाज के प्रतिनिधि मंडल ने घोर निंदा की और घटना के दोषियों पर पुलिस प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की। राशि महिलांग ने एसपी सिंह से कहा उक्त घटना की सांप्रदायिक आग हमारे जिले व शहर में ना फैले इसका ज्ञापन सौंपकर अनुरोध किया।



मुलाकात के लिए गए सभी धर्मो के प्रतिनिधि मंडल ने एसपी से चर्चा करते हुए कहा कि उक्त घटना की पुनरावृत्ति जिले में ना हो, इस पर उचित कार्रवाई की अपील की। मुलाकात के लिए गए सभी धर्म के प्रतिनिधि मंडल ने पुलिस विभाग से यथा संभव सहयोग की अपेक्षा की।

# जिला मुख्यालय में भव्य और सर्वसुविधायुक्त जिला ग्रंथालय ले रहा आकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं का सपना होगा साकार

महासमुंद के हृदय स्थल में भव्य और सुसज्जित जिला ग्रंथालय आकार ले रहा है। जिले के प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले युवाओं को इसका लाभ मिलेगा। साथ ही साहित्य और पुस्तक प्रेमी नागरिकों को भी यह सुविधा अपने नगर में ही मिलेगी। कलेक्टर प्रभात मलिक के पहल पर जिला ग्रंथालय का निर्माण किया जा रहा है। यह जल्दी ही बनकर तैयार होगा। विदित है कि आज की युवा पीढ़ी टेक्नोलॉजी का भरपूर इस्तेमाल करती है। इसके बावजूद पुस्तकालय का महत्व कम नहीं हुआ है। लाइब्रेरी को रूचिकर और आकर्षक बनाने के लिए उसका स्वरूप बदला जा रहा है। नगर के कचहरी और शनि मंदिर के पास 3328.20 वर्ग मीटर क्षेत्र में 6.66 करोड़ की लागत से जिला ग्रंथालय का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें 500 से अधिक लोगों के लिए अध्ययन की व्यवस्था होगी।

ज्ञात है कि पिछले वर्ष 2023 से नवकिरण अकादमी में नवकिरण लाइब्रेरी की शुरूआत की गई है। जहां ई-लाइब्रेरी, वाई-फाई सहित एसी जैसी सुविधा के साथ ही 8000 से अधिक की संख्या में पुस्तकें उपलब्ध है। लाइब्रेरी सप्ताह के सभी दिन संचालित हो रही है। इस सत्र में 281 प्रशिक्षु लाइब्रेरी में अध्ययन कर रहे हैं। अब तक लाइब्रेरी से कुल 443 प्रशिक्षु लाभान्वित हुए है। युवाओं की रूचि को देखते हुए जिला ग्रंथालय का सपना भी जल्द ही पूरा होगा। जिला ग्रंथालय के बनने से प्रशिक्षुओं को प्रतियोगी परीक्षाओं की पुस्तकों का मूल्य अधिक होने के कारण पुस्तक क्रय करने में होने वाली समस्या से निजात मिलेगी। उन्हें एक ही परिसर में कई विद्वान और नामचीन लेखकों का साहित्य और प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित पुस्तकें ऑनलाईन पढ़ने की सुविधा मिल पाएगी। नवकिरण अकादमी में अध्ययन कर रहे मोहन साहू ने बताया कि जिला ग्रंथालय खुलने से हमें एक ही छत के नीचे सभी लेखकों और जरूरत की विषय वस्तु की जानकारी आसानी से मिल पाएगी। निश्चित रूप से इससे हमें काफी मदद मिलेगी।

# टेंडर में गड़बड़ी, निर्माण में लापरवाही, पांच अफसर-कर्मी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने गुणवत्ताहीन कार्यों और काम में लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई करते हुए पांच अधिकारियों को निलंबित कर दिया है। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के अनुमोदन के बाद विभाग द्वारा रायगढ़ जिले के घरघोड़ा नगर पंचायत में निर्माण कार्यों एवं दायित्व निर्वहन में लापरवाही और गुणवत्ताहीन कार्यों के लिए नगर पंचायत के प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सहित पांच अधिकारियों के निलंबन का आदेश मंत्रालय से जारी किया गया है।

**इसलिए लेखापाल हुआ सस्पेंड :** घरघोड़ा नगर पंचायत में विभिन्न वार्डों में कराए गए सीसी रोड निर्माण कार्य निर्धारित मापदंड के प्रतिकूल गुणवत्ताहीन कार्य का भुगतान कराने के लिए लेखापाल जयानंद साहू को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इन सभी अधिकारियों का मुख्यालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के संयुक्त संचालक कार्यालय (क्षेत्रीय कार्यालय) बिलासपुर नियत किया गया है। इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

**डिप्टी सीएम साव के अनुमोदन पर कार्रवाई, प्रभारी सीएमओ, उप अभियंता, लेखापाल शामिल**

### जमीन का सत्यापन नहीं, सड़क बना दी

नगरीय प्रशासन विभाग ने घरघोड़ा नगर पंचायत में पूर्व में निर्मित सड़क की स्थिति संतोषप्रद होने के बावजूद नवीन सड़क हेतु मिट्टी खुदाई, जी.एस.बी., बेस कार्य आदि का औचित्यहीन अवयव सम्मिलित कर प्राक्कलन तैयार कर राशि मांग किए जाने, अधोसंरचना मद के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की निविदा आमंत्रित करने के पूर्व निविदा प्रारूप का सक्षम अधिकारी से अनुमोदन नहीं कराने तथा निजी एवं सार्वजनिक भूमि का सत्यापन किए बिना सीसी रोड निर्माण कार्य प्रस्तावित व संपादित कराने के लिए तत्कालीन उप अभियंता अजय प्रधान को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

### प्रभारी सीएमओ पर कार्रवाई



नगरीय प्रशासन विभाग ने घरघोड़ा नगर पंचायत में अधोसंरचना मद के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की निविदा आमंत्रित करने के पूर्व निविदा प्रारूप का सक्षम प्राधिकारी से अनुमोदन नहीं कराने, विभिन्न वार्डों में कराए गए सीसी रोड निर्माण कार्य निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं कराने, कार्य का भौतिक निरीक्षण नहीं करने, गुणवत्ताहीन सीसी रोड निर्माण कार्य का भुगतान करने तथा निजी एवं सार्वजनिक भूमि का सत्यापन किए बिना सीसी रोड निर्माण कार्य प्रस्तावित व संपादित कराने के लिए प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी सुमित मेहता को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

### दो उपअभियंताओं ने की गड़बड़ी

विभाग ने घरघोड़ा नगर पंचायत में विभिन्न वार्डों में कराए गए सीसी रोड निर्माण कार्य निर्धारित मापदंड के अनुरूप नहीं कराने, कार्य का भौतिक निरीक्षण नहीं करने, निर्माण कार्यों का माप-पुस्तिका में इंद्राज नहीं करने तथा गुणवत्ताहीन सीसी रोड निर्माण कार्य का संपादन कराकर भुगतान की अनुशंसा करने के लिए तत्कालीन उप अभियंता निखिल जोशी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

तापमान

अधिकतम 33.2 डिग्री

न्यूनतम 26.6 डिग्री

हरिभूमि

# महासमुंद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 21 जून 2024



12 गोदाम के चावल में लगे कीड़े, आसपास ...



12 गौरटेक में 160 लोगों ने कराई सिकलसेल...






## खबर संक्षेप



### बसना थाना क्षेत्र में चोरों ने की दो बाइक की चोरी

**महासमुंद**। बसना थाने में बाइक चोरी के दो अलग-अलग मामले दर्ज कराए गए हैं। ग्राम खेमड़ा निवासी शिवकुमार बंजारा ने पुलिस को बताया कि मोटर सायकल हीरो एच एफ डीलक्स क्रमांक सीजी 06 जीएच 0170 कीमत 40 हजार रुपए में वह 29 मई 2024 को रात्रि अपने निजी काम से शराब दुकान बसना गढ़पटनी रोड गया था, और मोटर सायकल को शराब दुकान के मेन गेट के सामने खडा कर अंदर गया। इसके थोड़ी देर बाद बाहर निकला तो देखा कि उसका मोटर सायकल वहां नहीं थी, कोई अज्ञात व्यक्ति मोटर सायकल को चोरी कर ले गया था। वहीं दूसरे मामले में सियाराम बारिक ने पुलिस को बताया कि मोटर सायकल हीरो स्प्लेंडर प्लस क्रमांक सीजी 06 जीई 6775 कीमत 50 हजार रुपए में वह 17 जून 2024 को दिन में करीब 10 बजे अग्रवाल नर्सिंग होम बसना में भर्ती अपने रिश्तेदार को देखने के लिए आया था और अपने मोटर सायकल को पार्किंग में खड़ा कर अंदर गया इसके करीब एक घंटे के बाद जब वह वापस आकर स्टैंड में जाकर देखा तो उक्त मोटर सायकल वहां नहीं था। उपरोक्त दोनों मामलों में बसना पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध अपराध धारा 379 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

**मांग :** संगठन ने कहा- बनाई गई झोपड़ियों में की गई तोड़फोड़, साथी हैं बदहाल

# जीविकोपार्जन के लिए जमीन मांग रहे आदिवासियों को रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

वन भूमि को जीविकोपार्जन के लिए मांग करने जिला मुख्यालय पहुंच रहे 200 आदिवासी किसानों को रोका गया जिसके बाद पुलिस के साथ जिला मुख्यालय पहुंचे 10 लोगों के प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन सौंपा। जिसके बाद प्रतिनिधिमंडल को पुलिस व वन कर्मियों द्वारा उनके साथियों के पास छोड़ दिया गया। इधर, संगठन ने अपने मांग पत्र में कहा है कि उनके द्वारा बनाए गए झोपड़ी को तोड़फोड़ किया गया और उनके साथी काफी बदहाल स्थिति में हैं।

जिले के ग्राम बेलर मोहंदी के वन कक्ष क्रमांक-61 तहसील महासमुंद अंतर्गत आने वाली कई एकड़ वन भूमि को जीविकोपार्जन के लिए मांगने हेतु कलेक्टोरेट जा रहे आदिवासी किसानों को दोपहर पुलिस ने सोरिद के पास रोक लिया। अंचल के करीब 35 वन ग्रामों से एकत्र हुए करीब 200 आदिवासियों में 35-40 महिलाएं भी शामिल रही। पुलिस ने इनमें से 10 लोगों को ज्ञापन सौंपने के लिए अपने वाहन से कलेक्टोरेट लाया और रात करीब 9.15 बजे इन्हें साथियों के पास चोरभट्ठी में छोड़ा। किसान अपने संगठन का नाम मांझी अंतरराष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक बताते हैं। संगठन के करीब 200 लोग महासमुंद व बागबाहरा क्षेत्र के गांवों से बेलर जंगल में 3 दिन पूर्व एकत्र हुए। मोहकम, लहंगर, जोबा, चिरको, बनपचरी, मोंगरा, लभरा और बागबाहरा क्षेत्र के गांवों से जुटे 150-200 किसान आज उक्त वन कक्ष की जमीन को जीविकोपार्जन के लिए मांग करने ज्ञापन लेकर कलेक्टोरेट आ रहे थे।

बलौदाबाजार की घटना के बाद सतर्क पुलिस ने वन अधिकारियों की सूचना पर इन किसानों को ग्राम सोरिद के पास कलेक्टोरेट जाने से रोक लिया।

अधिकारी उन्हें समझाइश देते रहे जबकि, आदिवासी किसान शांतिपूर्ण ज्ञापन सौंपने की बात पर बात नहीं बन पाई। जिसके बाद पुलिस ने और बल मंगाकर उन्हें रोका।



### संगठन ने पुनः पुलिस को सौंपा ज्ञापन

संगठन द्वारा पुलिस को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि आदिवासी किसान सैनिकों को बीते 5 दिनों में वन मंडल अधिकारियों द्वारा दबाव डाला गया। जीवन यापन के लिए कक्ष क्रमांक 61 में बनाए गए झोपड़ी को उजाड़कर महासमुंद लाते समय आधे रास्ते में रोका गया और कुछ सैनिकों को वन परिक्षेत्र अधिकारी ने वन विद्यालय के अंदर गेट बंद करके रखा। सभी सैनिकों को भूखा रखा गया और रात में करीब 1.30 के आसपास भोजन दिया। हमारे कपड़ा, राशन सामान बर्तन सामान, मोबाइल 5 नग मोटरसायकल, बैग, थैला, रुपए पैसे संस्था के रिकॉर्ड, और संस्था का पैसा हमारे झोपड़ी में रखा था। उसको उन लोगों ने हमारे लोगो के लौट के आने तक देख रेख करने का वादा किया था। वापस आने तक सभी सामानों को तहस नहस कर दिया और झोपड़ी को भी तोड़ दिया गया। और यहां तक की हमारे राष्ट्रीय बोर्ड और तिरंगा झंडा, महात्मा गांधी, सुभाष चंद्र बोस सहित महानायकों की तस्वीरों को उखाड़ कर फेंक दिया।

### 10 लोगों को मिली जाने की अनुमति

पुलिस अधिकारियों ने 10 किसानों को कलेक्टोरेट जाने की अनुमति दी और ये भी कहा कि उन्हें पुलिस गाड़ी में ही जाना होगा। काफी देर बाद 10 किसान पुलिस गाड़ी से कलेक्टोरेट पहुँचे। आवक-जावक, शाखा में ज्ञापन सौंपने के बाद पुलिस ने उन्हें वन मंडल कार्यालय में रोक रखा और रात करीब सवा 1 बजे उनके साथियों के पास पुलिस गाड़ी से ले जाकर छोड़ा। ज्ञापन देने वालों में जगदीश, कृष्णकुमार गोंड, मोतीराम समेत 10 किसान शामिल थे।

**विलुप्त प्रजाति के कछुआ की तस्करी**

# एक्वेरियम शॉप्स के संचालक को किया गया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर के कलेक्टोरेट मार्ग स्थित एक्वेरियम

- शॉप संचालक अब्दुल आमदानी के विरुद्ध वन्य प्राणी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज



शॉप में स्टेट फॉरेस्ट के उड़नदस्ते ने बुधवार को छापा मारकर 5 नग इंडियन स्टार कछुआ जब्त किया। वहीं, शॉप संचालक अब्दुल आमदानी के विरुद्ध वन्य प्राणी अधिनियम 1972 की धारा 9, 39 (3) क, ख तथा 151 के तहत अपराध दर्ज किया है। क्षेत्र के एक्वेरियम शॉप्स में इंडियन स्टार कछुआ बेचे जाने की लगातार मिल रही शिकायत पर 3 सदस्यीय स्टेट फॉरेस्ट उड़नदस्ते ने कार्रवाई की।

उड़नदस्ता प्रभारी संदीप सिंग के अनुसार सूचना मिली कि एक्वेरियम शॉप में बहुमूल्य तथा विलुप्त प्राय इंडियन स्टार कछुआ बेचा जा रहा है। इस पर शॉप से 5 नग इंडियन स्टार कछुए जिसमें 1 नर, 1 मादा तथा 3 बच्चे शामिल हैं, जब्त किया गया है। आरोपी अब्दुल रसीद आमदानी को कल न्यायालय में पेश किया जाएगा। वहीं, और कहां-कहां इसकी बिक्री हो रही, इसकी जानकारी ली जा रही है।

### तस्करी का अलग तरीका

उड़नदस्ता टीम प्रभारी संदीप सिंग ने बताया कि इसकी तस्करी भी अलग तरह से की जाती है। एयरपोर्ट पर स्कैन से बचने के लिए तस्कर स्टार कछुए को पहले मोजे में डालते हैं फिर ऊपर से सिल्वर पेपर से पैक कर देते हैं। एयर पोर्ट पर सिल्वर कलर आसानी से स्कैन नहीं हो पाता और तस्कर अपना काम कर लेते हैं।

### दवा बनाने किया जाता है इसका इस्तेमाल

स्टार कछुओं से यौन शक्ति बढ़ाने वाली दवाओं का निर्माण भी किया जाता है, जिसके कारण इनकी अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अच्छी मांग होती है। इनके कारण इनकी कीमत 50 से 70 हजार रुपये के बीच होती है। स्टार कछुए भारतीय उप महाद्वीप में विभिन्न स्थलों पर पाए जाते हैं। मुख्य रूप से भारत के मध्य और दक्षिणी हिस्सों में ये अधिक दिखाई देते हैं।

### सुंदरता के कारण मार्केट में भारी डिमांड

सुंदर दिखने वाले इस कछुए में प्राकृतिक रूप से इसके कवच पर स्टार जैसे डिजाइन अंकित रहते हैं। तस्करी के पीछे इनसे बनने वाली औषधियां, धार्मिक महत्व आदि कारण हैं। स्टार कछुए की पीठ पर पीले और काले रंग के चकते यह पिरामिड की तरह लगते है। इनकी खूबसूरत दिखावट के साथ ही गलत धारणाओं के कारण भी तस्कर इनकी तस्करी करते हैं। लोग यह मानते हैं कि स्टार कछुए पालने से भाग्य बदल जाता है। इस कारण से, इन्हें घरों में पालने की मांग बढ़ती जा रही है। वहीं, चीन, अरब देशों में इसकी यहां से तस्करी की जाती है।

### 1 से 6 किलोग्राम वजन की होती है यह प्रजाति

स्टार कछुए सूखे घास के मैदानों और झाड़ियों में जहां शुद्ध पानी हो वहां रहते हैं और उनका आहार जलकुंभी घास, फल, फूल, और पौधों की पत्तियों पर आधारित होता है।। इनका जीवनकाल 150 साल होता है और इनकी लंबाई 10 से 38 सेंटीमीटर तक हो सकती है। इनका वजन 1 से 6.600 किलो ग्राम तक हो सकता है। भारत में छोटे और मध्यम आकार के स्टार कछुए पाए जाते हैं। इनकी प्रजाति विलुप्त होने की वजह से अब नदी और अन्य जल स्रोत जलकुंभी से पट रहे हैं।

# पुत्र की लाश मिली थी लटकी हुई, पिता ने कहा-यह हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

आठ माह से एक पिता अपने पुत्र की मौत को सुनियोजित षड़यंत्र बताते हुए न्याय पाने की आस में भटक रहा है। दरअसल, 8 माह पहले शहर के इमली भाठा में प्रार्थी के पुत्र की लाश फंदे में लटकी मिली लेकिन, घुटने जमीन में टिके होने सहित कई दलीलों के साथ 70 वर्षीय बुजुर्ग अपने बेटे की मौत जिसे आत्महत्या बताया जा रहा है पर संदेह जाहिर करते हुए पुनः जांच की मांग किए जाने पर पुलिस ने हत्या का कारण फंदे से लटककर मौत बताकर मामले को खत्म कर दिया है।



इमली भाठा निवासी भरत लाल साहू पिता स्व. जनार्दन प्रसाद साहू ने अपने पुत्र ओमप्रकाश साहू उर्फ टिकू की मौत की पुनः जांच की मांग की है। दस्तावेजों के साथ न्याय की आस लेकर हरिभूमि दफ्तर पहुंचे बुजुर्ग भरतलाल साहू ने बताया कि पुत्र ओमप्रकाश की लाश 29 अक्टूबर को फांसी में लटकी मिली।

ओमप्रकाश अपने दोस्त अशोक धीवर के साथ लगातार 20 वर्षों से हेवी ड्राइवरी का कार्य करता था। वर्तमान में बागबाहरा मे सुपरवाईजर के तौर पर कार्य करते हुए रोजाना सामान्य तौर पर काम में जाता रहा। 29 अक्टूबर को रात्रि 2 बजे हुई घटना की जानकारी सुबह बहू से मिली। सुबह पुलिस के पहुंचने पश्चात 30 अक्टूबर को पोस्ट मार्टम हुआ। पीएम के बाद चिकित्सक ने उन्हें बताया कि जांघ एवं घुटने को मारा गया है। उसके बाद फांसी में टांगा गया है। और फांसी मात्र जमीन लेबल से 7 फुट ऊंचाई पर था एवं ओमप्रकाश के दोनों घुटना जमीन पर टिके हुए थे। शंका के चलते बुजुर्ग ने सिटी कोतवाली एवं पुलिस अधीक्षक आफिस में भी गुहार लगाई कि ओमप्रकाश के साढ़ू का मृतक की पत्नी से अवैध संबंध था, जिसे मृतक ने अपनी आंख से देखा था तथा उसने यह बात मुझे भी बताई थी। इमली भाठा के घर में रात्रिकालीन आना जाना लगा रहता था। जिसके कारण घर में अक्सर दोनों के बीच विवाद होता था। मृतक ने इसे भी परिजनों को शेयर किया था। भरत लाल ने बताया कि 29 तारीख की रात भी कुछ लोग घर आए थे, बच्चों के बयान से यह साबित हो जाएगा। उन्होंने आशंका जताई है कि उस रात तीन या अधिक लोगों ने मिलकर पुत्र ओमप्रकाश के गला को बांस कर हंडा से दबाकर फांसी में लटकाया गया है। उन्होंने मामले की पुनः जांच और सभी संबंधितों का बयान लेने की मांग दोहराई है।

# कुदारीबाहरा में दो पक्षों के बीच मारपीट, बसना थाने में रिपोर्ट दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महासमुंद। ग्राम कुदारीबाहरा में दो पक्षों की बीच मारपीट होने की घटना सामने आई है। बसना थाने में दोनों पक्षों ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने मामले की विवेचना शुरू कर दी है।पहले पहले पक्ष के केशव साव पिता सियाराम साव निवासी ग्राम कुदारीबाहरा ने बताया कि 19 जून मैं सुबह 7.30 बजे गाय चराने के लिए जा रहा था तभी पीछे से अमितेश मांझी एवं उसके भाई अजितेश मांझी ने मोटर सायकल को मेरे बाजू से चलाकर निकाला। तब मैने उसे बाइक को ढंग से चलाने कहा। तब तो आरोपी अमितेश मांझी एवं उसके भाई अजितेश मांझी मुझे गालियां देते हुए जमीन पर पटक कर हाथ मुक्का एवं डंडे से मारपीट करने लगे। मारपीट से मेरे गले में, बाएं पैर के जांघ में चोट आई है, तब मैं जोर से चिल्लाने लगा। मेरी आवाज को सुनकर मेरे माता-पिता दौड़कर आए और बीच बचाव करने लगे। इसी दौरान अमितेश मांझी व अजितेश मांझी के पिता जगजीवन मांझी जो कि पास के ही खेत मे काम कर रहे थे वे आये और डंडे से मेरे पिताजी सियाराम साव एवं मेरी मां फुलबाई साव के साथ भी मारपीट किए हैं, इस मारपीट करने से मेरे पिताजी के कमर के पास एवं बाएं पैर के जांघ में चोट आई है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### दूसरे पक्ष ने भी लिखाई रिपोर्ट

पुलिस को दूसरे पक्ष के जगजीवन मांझी पिता सीताराम मांझी ने बताया कि 19 जून को सुबह करीबन 8 बजे मेरे दोनों लड़के अमितेश मांझी और अजितेश मांझी खेत से वापस घर आ रहे थे कि कुदारीबाहरा हाडापथरा रोड में ट्रांसफार्मर के पास पहुंचे थे कि ग्राम कुदारीबाहरा के केशव साव पिता सियाराम साव, सियाराम साव पिता बृजलाल साव, हेमंत साव पिता हीराराम साव ने रास्ता रोककर पुरानी बात को लेकर गाली गलौच कर हाथ मुक्का लाठी डंडे से मारपीट करने लगे, उनके चिल्लाने की आवाज सुनकर मैं वहां पहुंचा, तब मेरे साथ भी गाली गलौज करने लगे। आरोपियों ने मुझे तथा मेरे दोनों लड़कों को जाति सूचक गाली देते हुए मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के दौरान मेरे लड़के अजितेश मांझी को केशव साव द्वारा पीठ में दांत से काट दिया है, वहीं मेरे सिर में, कान में, अजितेश मांझी के पीठ में, बांए जांघ के पास, गला में तथा पीठ में दांत से काटने से चोट लगा है तथा अमितेश मांझी के बाएं पैर, कमर, बाएं हाथ की कलाई में चोट लगी है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 324, 34, 341, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# सांप के डसने से नाबालिग की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

बसना थाना अंतर्गत भंवरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम बूटीपाली में सांप के डसने से नाबालिग युवती की मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 19 जून को ज्योति यादव पिता झिंगू यादव (16 साल) निवासी बूटीपाली जमीन पर सो रही थी, रात करीब 2 बजे उसे करैत सांप ने काट लिया, उसे इलाज के लिए शासकीय अस्पताल बसना ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर कार्रवाई विवेचना में लिया है।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

दवाई लेने गए एक व्यक्ति की अज्ञात वाहन की ठोकर से मौत हो गई। दुर्घटना में मृतक को गंभीर चोटें आई थी। पिथौरा थाने में रिपोर्ट के बाद अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस को ग्राम बरडीपा के सुकालू बरिहा पिता बुधराम बरिहा ने बताया कि 19 जून को मेरा भाई सीताराम बरिहा छोटे भाई नानदाऊ की मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीआर 8824 में दवाई लेने ग्राम मेमराडीह गया था। रात करीब 9 बजे घर वापस आते समय मिनीचंद दास के घर पास ग्राम चिखली मार्ग में अज्ञात वाहन का चालक द्वारा अपने वाहन को तेज एवं लापरवाहीपूर्वक चलाकर मेरे भाई सीताराम बरिहा के मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरे भाई के सिर, सीने, बांये हाथ, बांये घुटने में चोटें आई थी जिसे उपचार हेतु शासकीय अस्पताल पिथौरा लाया गया, जहां डॉक्टर द्वारा मेरे भाई सीताराम बरिहा को मृत घोषित कर दिया। पिथौरा थाने में आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 304 ए के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### भाई और भतीजे ने की मारपीट, सिर में आई गंभीर चोट

**महासमुंद**। पुरानी रंजिश को लेकर एक व्यक्ति के साथ उसके बड़े भाई और भतीजे ने मारपीट कर दी। मारपीट से शख्स के सिर में गंभीर चोटें आई, जिसके चलते उसे 5 टांके लगे हैं। मामले की रिपोर्ट पर सरायपाली थाने में आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। ग्राम चट्टीगिरोला के परमेश्वर बढ़ई पिता जयलाल बढ़ई ने पुलिस को बताया कि मेरे और सगे भाई महेश्वर बढ़ई के बीच आपसी जमीन जायदाद भाई बंटवारे का केस चल रहा है। 19 जून की दोपहर 2 बजे के आसपास मैं अपने घर के पास दरवाजे में खड़ा था। तभी पुरानी रंजिश के चलते मेरे सगे बड़े भाई परमेश्वर बढ़ई व उसके पुत्र भागीरथी बढ़ई ने लाठी डंडा लेकर गाली गलौज करते हुए आए, जिन्हें मैने मना किया, लेकिन दोनों ने आवेश में आकर जान सहित मारने की धमकी देकर लाठी डंडा से मारपीट किया। इस दौरान महेश्वर लाठी से मेरे पीठ में मारा और भागीरथी ने मेरे सिर पर डंडा मारा, जिससे मैं लहुलुहान हो गया। इस मारपीट से मेरे सिर में 5 टांका लगा है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 34, 506 के तहत अपराध दर्ज कर जांच विवेचना शुरू कर दी है।

# दो लोगों से 13 लीटर अवैध महुआ शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सरायपाली पुलिस ने कल शाम को मुखबिर की सूचना पर ग्राम चकरदा तथा बैधपाली रोड पुल के पास से करीब 13 लीटर देशी महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी कृष्णा गोस्वामी पिता गजेंद्र (22 साल) निवासी चकरदा, अपने घर के पीछे बाड़ी में, अवैध रूप से शराब बिक्री करने के लिए रखा हुआ 6 लीटर महुआ शराब कीमत 1200 रुपए को जब्त कर अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम किया गया। बैधपाली रोड पुल के पास आरोपी मिनी केतन टोप्पो पिता बैशाखू (54 साल) निवासी वार्ड नं. 07 ताजनगर झिलमिला अवैध रूप से शराब बिक्री करने वास्ते रखे मिला जिसके कब्जे से 7 लीटर महुआ शराब कीमती 1400 रुपए को जब्त कर अपराध धारा 34(2) कायम कर रिमांड में जेल भेजा गया है। इसी तरह बसना पुलिस ने मंगलवार को मुखबिर की सूचना पर ग्राम कपसाखुंटा से करीब 3 लीटर महुआ शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सुरेंद्र चौहान पिता रघु चौहान (36 साल) निवासी कपसाखुंटा के कब्जे से 3 लीटर महुआ शराब कीमत 600 रुपए को जब्त कर अपराध धारा 34(1) आबकारी एक्ट कायम कर कार्रवाई में लिया गया है।

**सायबर सेल की टीम एवं थाना सिटी कोतवाली पुलिस की संयुक्त कार्रवाई**

# चार दिन से लापता नाबालिग खल्लारी स्टेशन में मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

शहर में चार दिन पहले लापता हुआ नाबालिग बालक खल्लारी रेलवे स्टेशन के बाहर मिला। पुलिस ने इस संदर्भ में जानकारी देते हुए बताया कि प्रार्थी नीलकमल ध्रुव पिता स्व. संतराम ध्रुव सा. मौहारीभाठा महासमुन्द ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका नाबालिक ममेरा भाई उम्र 11 वर्ष 08 माह सुबह करीब 11 बजे बिना बताए कही चला गया है जो अब तक घर नही आया है। संदेह होने पर नाबालिक बालक को किसी अज्ञात आरोपी के द्वारा बहला फुसलाकर अपहरण कर ले जाने की रिपोर्ट पर थाना महासमुन्द में अपराध/धारा 363 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।



पुलिस अधीक्षक द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुये अपह्नत बालक के पता तलाश करने हेतु 04 पुलिस टीम गठित की गई। टीम के द्वारा अलग-अलग कार्यो का नेतृत्व किया गया। पुलिस टीमें को अलग-अलग दिशाओं में सीसीटीवी फुटेज एवं तकनीकी सहायता के मदद से नाबालिक लडका एवं अज्ञात आरोपी के बारे में जानकारी एकत्र करना शुरू किया। विवेचना के दौरान पुलिस की टीम के द्वारा घटना स्थल से शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों का सीसीटीवी फुटेज चेक करते हुये पुलिस की टीम खल्लारी पहुची जहां अपह्नत बालक का फोटो दिखाकर तथा सीसीटीवी फुटेज चेक करते हुये पतासाजी की जा रही थी। इस दौरान मुखबिर से सूचना मिली बालक को खल्लारी रेलवे स्टेशन के आस पास देखा गया है उक्त सूचना पर मौके पर जाकर पुलिस की टीम द्वारा पतासाजी करने पर अपह्नत बालक को खल्लारी रेलवे स्टेशन के बाहर से बरामद किया गया तथा पुलिस की टीम के द्वारा बच्चे को सही सलामत बरामद कर उसके माता पिता को सुपुर्द किया गया। प्रकरण में विवेचना जारी है।

पुलिस की टीम को घटना स्थल से नाबालिक बच्चा सायकल से जिस-जिस रास्ते का प्रयोग किया गया वहां-वहां का सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया। शहर के आम नागरिकों के द्वारा लगाये गये अपने घर में सीसीटीवी कैमरों का चेक करने पर अपहरण हुये बच्चे को ढूढने में काफी सहायता मिली।


आवश्यकता है

सेल में काम करने के लिये 10वीं, 12वीं पास लड़कों की आवश्यकता है।

रहना-खाना फ्री | सीमित पद

संपर्क करें-9827931702




पाठक सूचना

महासमुंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9981131365, 9098324969

## खबर संक्षेप



### भवन में आज मनाया जाएगा योग दिवस

**महासमुंद।** स्वामी शिवानंद सरस्वती योग भवन में 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सुबह 7 बजे से 8 बजे तक 1 घंटे योगाभ्यास होगा। जिसके अंतर्गत सूक्ष्म अभ्यास, आसन, सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, ध्यान, योग निंद्रा आदि कराया जाएगा। दिव्य जीवन संघ, स्वामी शिवानंद सरस्वती योगभवन के दौलत चंद्राकर एवं तारेंद्र चंद्राकर ने लोगों से योग भवन में उपस्थित होकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने की अपील की है।

### पंकज ने मनाया जन्मदिन

**महासमुंद।** पूर्व पार्षद व सामाजिक तथा आरटीआई कार्यकर्ता पंकज साहू ने अपना जन्मदिन सादगीपूर्ण नगर व कई वार्डों में आम जनता के बीच मनाया गया। कई वार्डों में कार्यक्रम में साहू ने केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया।

### खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री बघेल का दौरा आज

**महासमुंद।** खाद्य एवं नागरिक



आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल 20 और 21 जून को महासमुंद के दौरे पर रहेंगे। खाद्य मंत्री बघेल 20 जून को रात्रि 8 बजे रायपुर से प्रस्थान करेंगे तथा 9 बजे महासमुंद पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे। मंत्री बघेल शुक्रवार 21 जून को प्रातः 7 बजे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। प्रातः 10 बजे खाद्य विभाग से संबंधित विभागीय निरीक्षण करेंगे। तत्पश्चात शाम 6 बजे रायपुर जिले के लिए प्रस्थान करेंगे।

### शहीद स्मारक में योग कार्यक्रम आज

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में 21 जून को योग दिवस का कार्यक्रम सुबह 5 बजे रखा गया है। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि भारत देश में विश्व योग दिवस हर साल 21 जून को मनाया जाता है। इसके चलते योग को विश्वस्तर पर पहचान मिल रही है, वहीं योग के जरिए सांस्कृतिक एकता को बढ़ावा भी मिल रहा है।



### 30 दिनों के अंदर ले सकते हैं मेडिकल रिपोर्ट

**बसना।** अग्रवाल नर्सिंग होम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल बसना द्वारा वैधानिक नियमों के अनुसार 31 मार्च 2018 तक सभी मेडिकल रिकॉर्ड को नष्ट कर रहे हैं। जिन मरीजों को अपने मेडिकल रिकॉर्ड की प्रतिलिपि की आवश्यकता है वे उचित आईडी कार्ड/अनुमति पत्र के साथ अस्पताल के प्रशासनिक कार्यालय में सूचना के 30 दिनों के अंदर आ सकते है।

## बोइरगांव से धौराभांठा मार्ग जर्जर ...



**नर्रा।** ग्राम पंचायत बोइरगांव से धौराभांठा छुरा रोड़ जाने वाले प्रधानमंत्री सड़क जर्जर हो गई है। मार्ग का डामर की परत उखड़ जाने व जगह-जगह गड्ढे होने से दो पहिया व चार पहिया वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही है। इस मार्ग में हजारों राहगीर आवागमन करते है। सड़क का मरम्मत कराने व डमरीकरण के लिए संबंधित विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सड़क से डामर की परत पूरी तरह से उखड़ गई है। सड़क जर्जर होने से वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं।

# मोदी सरकार ने उच्च शिक्षा में करियर तलाश रहे युवाओं के सपनों को कुचला : विनोद

## नीट के बाद यूजी नेट में गड़बड़ी युवाओं के भविष्य से खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नीट के बाद अब यूजी नेट परीक्षा में गड़बड़ी सामने आने पर पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने इसे केंद्र सरकार द्वारा देश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताया है।

चंद्राकर ने कहा कि नीट परीक्षा से लाखों बच्चों के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लग चुका है। देश के अभिभावक चिंतित हैं। मोदी सरकार के मंत्री गोल मोल जवाब दे रहे हैं। नीट परीक्षा में इतनी बड़ी धांधली के बाद अभी तक एनटीए पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। एनटीए द्वारा ही अब यूजी नेट की परीक्षा में गड़बड़ी सामने आया है। जिसके बाद परीक्षा रद्द कर दिया गया है। बार-बार परीक्षाओं में गड़बड़ी से यह साफ हो गया है कि मोदी सरकार परीक्षाओं में पारदर्शिता बनाने में असफल साबित हो रही है। कार्रवाई करने के बजाय सरकार गड़बड़ियों में पर्दा डालने का काम कर रही है।



चंद्राकर ने आगे कहा कि यूजीसी नेट परीक्षा के लिए देशभर के पंजीकृत लगभग 12 लाख अभ्यर्थियों को निराशा हाथ लगी है। महीनों तैयारी के बाद परीक्षा देने वाले अभ्यर्थी अपने सही उत्तरों का मिलान ही कर रहे थे कि बुधवार को परीक्षा निरस्त होने के समाचार ने उनके सपनों पर पानी फेर दिया। कई अभ्यर्थी ऐसे हैं जो पूर्व में नेट कर चुके हैं और जेआरएफ के लिए परीक्षा दी थी। उच्च शिक्षा में करियर तलाश रहे हजारों युवा खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। केंद्र की मोदी सरकार एनटीए के माध्यम से परीक्षाएं करवाने में पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा रहा है, क्योंकि एनटीए अपने आप में कोई संस्था नहीं है, बल्कि ढेर सारे प्राइवेट आईटी कंपनियों का समूह है। यह संस्था प्राइवेट कंपनियों की मुनाफाखोरी और नकल माफिया के धन उगाही के मॉडल पर चल रही है। और युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रहा है। अब 18 जून को हुई नेट की परीक्षा भी गड़बड़ियों की आशंका के चलते रद्द की गई। इसकी जवाबदेही तय होनी चाहिए तथा शिक्षा मंत्री को इस लचरतंत्र की जिम्मेदारी लेते हुए तत्काल इस्तीफा देनी चाहिए।

## जिला जेल में बंदियों को दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद।** 21 जून 2024 को लेकर विश्व योग दिवस को लेकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला जेल महासमुंद में 523 बंदियों और स्टॉफ को प्रशिक्षण दिया गया। इस वर्ष का थीम है, स्वयं और समाज के लिए योग, सेल्फ एंड सोसाइटी के पास जानकारी पहुंचे। कार्यक्रम के मुख्या डॉ पी कुदेशिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, डॉ बसंत माहेश्वरी संयुक्त संचालक एवं अस्पताल अधीक्षक, नीलू घृतलहरे डीपीएम एनएचएम एवं डॉ छत्रपाल चंद्राकर जिला नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य के समन्वय से जिला जेल महासमुंद में विश्व योग दिवस मनाया गया। योग से हमारा शारीरिक और मानसिक तनाव कम होता है। साथ ही मानसिक स्वास्थ्य के तनाव, डिप्रेशन, आत्महत्या, नशापान, स्वस्थ्य जीवन शैली, योग आदि के बारे में बंदियों को जागरूक किया गया। मानसिक तनाव को कम करने के विधि बताई गई। जैसे बलून से अपनी सास पर नियंत्रण, नियमित व्यायाम, आपसी समन्वय, वार्तालाप, अनुभव को आदान प्रदान करने से उदासी और तनाव से बचा जा सकता है। जेल अधीक्षक यूके पटेल व मुकेश कुमार कुशवाहा नवपदस्थ जेल अधीक्षक शामिल हुए। मेडिकल कालेज सह जिला चिकित्सालय से रामगोपाल खूंटे मनोरोग सामाजिक कार्यकर्ता, जिज्ञासा चंद्राकर मनोवैज्ञानिक प्रशिक्षु, देवकुमार डडसेना योग ट्रेनर के माध्यम से 523 बंदियों को मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत 21 जून विश्व योग दिवस को लेकर प्रशिक्षण व कार्यशाला रखा गया।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज, जिला स्तरीय कार्यक्रम में खाद्य मंत्री होंगे शामिल

**महासमुंद।** 21 जून को दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय योग अभ्यास का आयोजन स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय (हाईस्कूल मैदान) महासमुंद में सुबह 7 से 8 बजे तक किया गया है। जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री दयालदास बघेल होंगे। विशिष्ट अतिथि सांसद रूपकुमारी चौधरी, विधायक महासमुंद योगेश्वर राजू सिन्हा, विधायक बसना संपत अग्रवाल, विधायक खल्लारी द्वारिकाधीश यादव, विधायक सरायपाली चातुरी नंद, जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष राशि महिलांग, जनपद पंचायत अध्यक्ष यतेंद्र साहू, जिपं उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल व नगर पालिका उपाध्यक्ष कृष्णा चंद्राकर शामिल होंगे। जिला प्रशासन द्वारा स्वस्थ जीवन के लिए योगाभ्यास अपनाने तथा योग दिवस पर सभी विभागीय अधिकारी-कर्मचारियों, जनप्रतिनिधिगण, गणमान्य नागरिकों सहित आमजनों से योगाभ्यास में शामिल होने की अपील की गई है।

### कबीर जयंती पर बसना में चौका आरती 22 को

**बसना।** वार्ड क्रमांक 6/7 के मध्य प्राचीन कबीर मंदिर स्थित है, जहाँ प्रतिवर्ष सदगुरु कबीर साहेब की जयंती को क्षेत्रीय महंत दीवान व समाज प्रमुखों की अगुवाई में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। आयोजक समिति के प्रमुखों ने बताया कि 22 जून शनिवार की प्रातः 9 बजे से मध्यान्ह 12:30 बजे तक सदगुरू कबीर मंदिर में चौका आरती कार्यक्रम होगा। मध्याह्न 1 बजे भोजन प्रसाद भंडारा पश्चात शाम 4 बजे सदगुरु कबीर मंदिर परिसर से नगर के मुख्य चौक तक शोभा यात्रा निकाली जाएगी। आयोजन समिति के सदस्यगण दूरबीन दास, लक्ष्मण दास, विनोद दास, सोहन दास, सतीश दास, सुरती दास, मोती दास, बेलार दास ने नगर व क्षेत्र के श्रद्धालुओं को कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

# विश्व हिंदू परिषद के कार्य विस्तार के लिए हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बसना

18 जून को बसना प्रखंड में विश्व हिंदू परिषद के कार्यविस्तार के लिए बैठक आयोजन किया गया। यह बैठक कन्या शाला बसना में हुई। इसमें सौरभ अग्रवाल, बसंत देवता, विद्या चरण पटेल, डॉ गिरधारी लाल डडसेना, अरुण प्रधान, भूपेंद्र शर्मा, प्रेम भोई, कृष्णा साहू, अनिल साहू, दीपक पंडा, दीपक सेठ उपस्थित थे।

विश्व हिंदू परिषद के कार्य को गति देने के लिए यह बैठक आयोजन किया गया। बैठक में बसना खंड, बिछिया खंड, कुदारी बाहरा खंड, बारडोली खंड में समिति बनाने के लिए टोली बनाई गई। विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता खंड के प्रत्येक गांव में प्रवास कर खंड समिति का



गठन करेंगे, जिसमें बसना खंड का दायित्व भूपेंद्र शर्मा, दीपक सेठ, अनिल साहू को दिया गया।

बसना खंड की बैठक 30 जून शाम 5 बजे सरस्वती शिशु मंदिर बसना में होना है। बिछिया खंड का दायित्व विद्या पटेल, अरुण प्रधान दीपक पंडा को दिया गया, बिछिया खंड की बैठक 14 जुलाई को बिछिया में होगी। बारडोली खंड का दायित्व प्रेम भोई, कृष्णा साहू, तरुण नायक को दिया गया, बारडोली खंड की बैठक बारडोली में 20 जुलाई, कुदारीबाहरा खंड का दायित्व बसंत देवता, चंद्रभान साहू, डॉक्टर छोटू को दिया गया, इसकी बैठक कुदारीबाहरा में 1 जुलाई को होगी। यह जानकारी प्रचार-प्रसार प्रमुख अभय धृतलहरे ने दी है।

# योग भारत की प्राचीन सभ्यता, संस्कृति की पहचान : राकेश

## भाजपा ओबीसी मोर्चा द्वारा प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों में योग शिविर का किया जाएगा आयोजन


हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 21 जून को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों में योग शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। आयोजन को लेकर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा राकेश चंद्राकर ने कहा कि योग भारत की सभ्यता, संस्कृति की पहचान है। योग स्वस्थ रहने की कला है, जो भारत के ऋषि मुनियों ने वर्षों की तपस्या और अनुसंधान के पश्चात संपूर्ण मानव जाति को सूखी रहने के लिए दिया है। महर्षि पतंजलि द्वारा रचित योग सूत्र के माध्यम से आज संपूर्ण विश्व योग कर अपने जीवन का संतुलित कर रहा है। भारत में योग का इतिहास 2000 वर्ष पुराना माना गया है। भारत में स्वामी विवेकानंद ने योग की शुरुआत बहुत पहले कर दी थी।

स्वामी ने अपने शिकागो सम्मेलन के भाषण में योग का संदेश संपूर्ण विश्व को दिया था।



योग भारत के पास प्रकृति की एक अमूल्य वस्तु है। शास्त्रों में योग का भरपूर जिक्र मिलता है। योग पर आधारित पुस्तकों का संग्रह आज भी भारत के राष्ट्रीय संग्रहालयो में मिलता है। चंद्राकर ने कहा कि योग की महत्ता को समझते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास से 10 वर्ष पूर्व यूएन में लगभग 200 देशों ने 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की मान्यता दिया और आज पीएम मोदी के प्रयास से पूरा विश्व योग मय हो गया है। पहली बार योग दिवस 21 जून 2015 को मनाया गया। जिसकी पहल भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 27 सितंबर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण से की थी। जिसमें उन्होंने कहा था कि योग भारत के प्राचीन परंपरा का एक अमूल्य उपहार है। यह दिमाग और शरीर की एकता का प्रतीक है। मनुष्य और प्रकृति के बीच सामंजस्य बनाता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार प्रति वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योग कार्यक्रम का आयोजन करती है। इसी के तहत छत्तीसगढ़ प्रदेश पिछड़ा वर्ग मोर्चा द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ के लक्ष्मण के निर्देश पर प्रदेश के समस्त जिला मुख्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर योग दिवस मनाया जाएगा।



## शोकाकुल परिवार को ढांढस बांधने पहुंचे निखिल

**महासमुंद।** विगत दिनों में रेलवे ट्रैक पर नयापारा वार्ड क्रमांक 11 के दो सगे भाइयों की लाश मिली थी। ट्रेन में कटने से हुई दोनों भाइयों के असामयिक मृत्यु से गमगीन परिवार से मिलने नगर पालिका सभापति व युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव निखिलकान्त साहू उनके घर पहुंचे। जहां निखिल ने शोकाकुल परिवार को ढाढ़स बंधाते हुए कहा कि दुख की इस घड़ी में वे उनके साथ है। उन्होंने परिवार के युवा सदस्य सुनील तथा आकाश की मृत्यु पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए पीड़ति परिवार को ढांढस बंधाया तथा शासन-प्रशासन से मांग की कि जल्द से जल्द दोनों भाइयों के संदेहास्पद मौत की जांच कर कारणों का पता लगाए व पीड़ित परिवार को न्याय दिलाए। मौके पर कान्हा प्रधान, मोहित यादव, बिट्टू साहू, विजय जांगड़े आदि मौजूद रहे।

# शिक्षा अभियान : कम से कम शुल्क में संस्कारयुक्त शिक्षा मुहैया कराने का उठाया है बीड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरायपाली

जहां शिक्षा को कुछ लोग व्यापार का रूप देकर पैसा कमाने की होड़ में लगे हैं। वहीं सरायपाली क्षेत्र में स्थित गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल जोगनीपाली के नए संचालक, जन्मजय नायक और उप संचालक दुर्गा चरण नायक और उनकी उर्जावान शिक्षक-शिक्षिकाओं की टीम शिक्षा को घर-घर, हर छोटे से गांव, कस्बे तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं।

कम से कम शुल्क में बेहतरीन संस्कारयुक्त शिक्षा उपलब्ध कराने एवं एक संस्कारवान पीढ़ी तैयार करने का दृढ़संकल्प लिए निरंतर तीन महीने से चिलखती धूप-ताप में अथक परिश्रम और पसीना बहाते हुए अपना अभियान घर-घर चले हम-हर घर चले हम, घर-घर शिक्षा-हर घर शिक्षा अभियान को जारी रखा है। इसी क्रम में गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर की टीम साजो-आवाज, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के साथ समीपस्थ ग्राम बैतारी पहुंची। जहां गांव के समाज सेवी टिकेश्वर मिश्रा सहित ग्रामीणों ने सादर स्वागत करते हुए गोपनाथ आश्रम विद्या मंदिर के अभियान



एवं उद्देश्य से प्रभावित होकर उसकी भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए गांव के प्रत्येक घर में पहुंचाने की अगवानी की। इस अवसर पर वंदे-मातरम् सेवा संस्थान के उपाध्यक्ष, समाज सेवी शिक्षक एवं विद्यालय के संचालक जन्मजय नायक ने विद्यालय जाने वाले छात्र-छात्राओं, पालकों, अभिभावकों को बताया कि-आज ज्यादातर शिक्षा केवल किताबी ज्ञान देकर पूरी कर दी जा रही है, जो केवल पास-फेल और ग्रेड पर रूक गई है। इस शिक्षा में न आचरण, न संस्कार, न भावनात्मक विकास और न ही अच्छे विचार दिए जा रहे हैं। परंतु, हमारा यह विद्यालय शिक्षा के साथ-साथ संस्कारयुक्त सर्वांगीण विकास की शिक्षा देगी। नायक ने आगे बताया कि आज शिक्षा के नाम पर बहुत से संस्थाओं की स्थापना की गई है, पर पैसों की अधिक डिमांड की वजह से आम लोग वहां तक पहुंच नहीं पा रहे हैं, ऐसे में हम बच्चों को कम से कम शुल्क में बेहतरीन संस्कारयुक्त शिक्षा वो भी पूरी गारंटी के साथ उपलब्ध कराने के लिए अग्रसर हैं। क्योंकि, स्कूल में कम फीस लेकर अच्छी शिक्षा मिलती है तो निश्चित ही बच्चे कामयाब होंगे। संचालक ने विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं को गिनाते हुए गोपनाथ आश्रम विद्यालय में प्रवेश दिलाने के लिए पालकों एवं अभिभावकों को निवेदन किया। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाएं, पालक, अभिभावक व बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# झेरिया यादव समाज की वार्षिक आमसभा में अनेक विषयों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ तेंदूकोना

छग झेरिया यादव समाज जिला महासमुंद वार्षिक आमसभा प्रथम चरण कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान कृष्ण के तैल्याचित्र में पूजा अर्चना कर शुरू किया। पश्चात जिला अध्यक्ष प्रीतम यादव द्वारा झेरिया यादव समाज की प्रगति पर बताया गया। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज पंजीयन क्रमांक 5066 स्थापना वर्ष से निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। वर्तमान में 20. जिला के 100 ब्लॉक एवं हजारों गांव में छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज सशक्त, संगठन कार्य कर रहा है, जिसका आजीवन सदस्य लगभग 14 000, एवं 18 लाख से अधिक प्राथमिक सदस्य हैं जो कि छत्तीसगढ़ के किसी भी पंजीकृत समाज की सर्वाधिक संख्या है। इस संगठन में प्रदेश से लेकर जिला परिक्षेत्र एवं पारस्तर तक एक रीति एक नीति एक संविधान से कार्य होता है, जहां संविधान के नियम सर्वोपरि है।

पदाधिकारियों के कार्यकाल पूर्ण होने के बाद प्रजातांत्रिक पद्धति से निर्वाचन होता है, जो हमारे संगठन में लोकतंत्र को दर्शाता है। जिस समाज में जागरुकता लाने की विभिन्न प्रस्ताव आमसभा में अनुमोदन कर स्वीकृत के लिए रखा। जिसमें संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए युवा प्रकोष्ठ व महिला प्रकोष्ठ, कर्मचारी प्रकोष्ठ, व्यापारी प्रकोष्ठ, राजनीतिक प्रकोष्ठ का गठन कर अधिक से अधिक संख्या में सामाजिकजनों को समाज से जोड़ने का प्रस्ताव, शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों को उच्च से उच्च शिक्षा की ओर प्रोत्साहित करें, विवाह पद्धति वर्तमान समय में महंगाई एवं फिजूल खर्च से बचने के लिए प्रतिवर्ष सामूहिक आदर्श विवाह किया जाए, मुत्यु संस्कार के लिए एवं धार्मिक व




सांस्कृतिक गतिविधियों, राजनीतिक क्षेत्र में भागीदारी के संबंध में प्रस्ताव किया गया। समाज में नशामुक्ति लेने के लिए प्रेरित किया। राजू यादव प्रदेश अध्यक्ष द्वारा उद्बोधन में बताया गया कि वर्तमान समय में समाज को शिक्षा, स्वरोजगार, नशा मुक्ति, आदर्श युवा जैसे विषय के लिए उद्बोधन किया गया। द्वितीय चरण में मुख्य अतिथि खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव का आगमन हुआ। जिसका स्वागत एवं सम्मान किया गया। साथ ही यादव समाज के लिए सर्व सुविधायुक्त भवन की घोषणा की। समाज में बच्चों को उच्च शिक्षा के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष आनंद यादव, जिला के संरक्षक नंदलाल यादव, जिला के महासचिव मनोज यादव, जिला कोषाध्यक्ष मनोहर यादव, जिला संयुक्त सचिव धनेश यादव, जिला महामंत्री दिलीप यादव, संगठन मंत्री नंदलाल यादव, जिला के संचालक बसंत यादव, खेमराज यादव, जिला कार्यकारिणी सदस्य सुरेश यादव, शिवनारायण यादव कोमल यादव, टोपेश यादव, रुकमल यादव, गंगाराम यादव, अमरुद यादव, डूमन यादव सरपंच बिहाझर, देवराज यादव, राहुल यादव सिरी, जिला के समस्त परिक्षेत्र अध्यक्ष गण सूअर माल क्षेत्र अध्यक्ष भेख राम यादव, महासमुंद परिक्षेत्र अध्यक्ष सोहन यादव, महासमुंद परिक्षेत्र क्रमांक 1 अध्यक्ष वन यादव, खल्लारी परिक्षेत्र अध्यक्ष चरण यादव, बोरिंग परिक्षेत्र अध्यक्ष लीलाधर यादव, पटेवा परिक्षेत्र अध्यक्ष पारस यादव, खेड़ी गांव परिक्षेत्र अध्यक्ष खीर राम यादव, छुईहा परिक्षेत्र संरक्षक गिरधर यादव, खोल्हा परिक्षेत्र अध्यक्ष खेमराज यादव, खामरिया परिक्षेत्र अध्यक्ष रामरतन यादव, बार परिक्षेत्र अध्यक्ष चेकलाल यादव, पिथौरा परिक्षेत्र अध्यक्ष सोनुउराम यादव, सिरपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष थानवर यादव, बारा पाली परिक्षेत्र अध्यक्ष यादव एवं समस्त नारी शक्ति रूप के कुमारी यादव सर्व समाज सदस्य महासमुंद, सागरिका यादव भाजपा शहर महिला मोर्चा सदस्य महासमुंद, सतीश यादव बागबाहरा, कोमल यादव खल्लारी, पुरुषोत्तम यादव महासमुंद, हेमलाल यादव महासमुंद, सतीश यादव महासमुंद, गोवर्धन यादव, लोकनाथ यादव महासमुंद, वेदराम यादव कोवाझर, लालाराम यादव, जनक राम यादव, खिलौवान यादव, छगन यादव, पतित यादव आदि मौजूद रहे।

